डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन, सोमवार 09 फरवरी 2026 | वर्ष-04 अंक-187 पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## भक्तिभाव से शबरी मैया ने पूरे वनवासी समाज का बढ़ाया मान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन्होंने निःशब्द रहकर अपनी पुण्य भावनाओं को अमर शब्द दे दिए, ऐसी शबरी मैया को पूरे मध्यप्रदेश की ओर से नमन है, वंदन है। जिनके जूठे बेर खाकर भगवान श्री राम भी भक्तिभाव से धन्य हो गये उस माता शबरी की महिमा कौन नहीं जानता। भगवान को बेर भी भेंट देने से पहले खुद बेर का मीठापन जांच लेना भक्ति का उत्कर्ष है। यह प्रसंग हमें बताता है कि भगवान भक्त की आराधना पद्धति के नहीं, बल्कि उसके मन के भावों के भूखे होते हैं। व्यक्ति का मूल्य उसके हृदय की पवित्रता से तय होता है, जन्म से नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल समाज की कुल देवी शबरी मैया हम सबके लिए सदैव आराध्य हैं, पूजनीय हैं, वंदनीय हैं। उन्होंने अपने चरित्र एवं सत्कर्मों से पूरे वनवासी और जनजातीय समाज का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शहडोल जिले की ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गंधिया स्थित सीतामढ़ी धाम में माता शबरी जयंती पर आयोजित जनजातीय हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।**

## सीतामढ़ी परिसर में माता शबरी की प्रतिमा अनावृत, ब्यौहारी में बनेगा 30 बिस्तरीय अस्पताल

मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी परिसर में शबरी मैया की एक सुंदर प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम गंधिया से शहडोल जिले के लिए 747 करोड़ 91 लाख रुपए की लागत वाले 139 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इसमें 613 करोड़ रुपए से अधिक लागत से 79 कार्यों का लोकार्पण तथा 134 करोड़ रूपए से अधिक लागत के 60 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में है। प्रदेश में पीएम जन-मन योजना के अंतर्गत 98 करोड़ 30 लाख रुपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 401.56 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जा चुका है। हमारी सरकार ने जनजातीय समाज के नायकों की गौरव गाथाओं को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शबरी माता ने बरसों भगवान श्री राम का इंतजार किया। कई साल तक राम का रास्ता निहारती रहीं। रोज अपनी कुटिया की सफाई करती रहीं कि आज नहीं, तो कल राम आएंगे। यह एक भक्त के अपने भगवान पर अटूट विश्वास का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम आए, शबरी मैया की भक्ति और स्नेह से अत्यंत भावविभोर हुए और उन्हें नवधा भक्ति का ज्ञान देकर मोक्ष भी प्रदान किया। हमारी सरकार ने शबरी मैया और हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम की स्तुति के लिए श्री रामचन्द्र पथ गमन न्यास की स्थापना की है।

हम प्रदेश में 1450 किमी लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को श्रीराम का विशेष स्नेह मिला। चित्रकूट में उन्होंने 11 वर्ष बिताए। ग्राम गंधिया में भी वे 11 रात रहे। इसीलिए गंधिया को भी राम वन गमन पथ विकास योजना में शामिल कर लिया गया है। इससे गंधिया का विकास होगा। इस गांव के विकास के लिए सरकार ने लगभग 80 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्यौहारी में 30 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी धाम को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने तथा वन्य जीव पर्यटन गतिविधियों के विकास-विस्तार के लिए क्षेत्रीय संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का एक गेट ब्यौहारी की तरफ भी खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में महुआ और कटहल बहुतायत से होता है। इसीलिए इन दोनों से बनने वाली औषधियों एवं अन्य उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में उद्योग, रोजगार एवं निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री ने यहां एक औद्योगिक विकास केंद्र खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जयसिंह नगर के लिए आवश्यक बायपास बनवाने तथा वर्तमान में जयसिंहनगर तहसील क्षेत्र की उप तहसील आमाडीह को परीक्षण कराकर तहसील बनाने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की जनता ने सरकार की विकास नीतियों पर भरोसा जताया है, इसलिए इस क्षेत्र के विकास के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे।

## भागे नहीं, संघर्ष करें.....बांग्लादेशी हिन्दुओं को मोहन भागवत की सलाह

**मुंबई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा पर कड़ा और साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वहां के हिंदुओं को अकेले पड़ने की जरूरत नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया का हिंदू समाज उनके समर्थन में खड़ा है।**

मुंबई के नेहरू सेंटर में संघ के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक लेक्चर में भागवत जी ने कहा, बांग्लादेश में करीब सवा करोड़ (1.25 करोड़) हिंदू हैं। अगर वे वहीं रहकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने का फैसला करते हैं तो दुनिया भर के सभी हिंदू उनकी मदद के लिए आगे आएंगे। पिछले कुछ समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। यह सब अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद शुरू हुआ। इस तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। इस उथल-पुथल के बीच हिंसक भीड़ ने हिंदू व्यापारियों, मजदूरों और छात्रों को निशाना बनाया। कई लोगों की जान गई और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया।

इसके बाद, छात्र नेताओं की मौत और राजनीतिक अस्थिरता के बाद ये हमले संगठित रूप से हिंदुओं के खिलाफ मुड़ गए।

भागवत जी ने जोर देकर कहा कि ऐसी मुश्किल घड़ी में एकता ही सबसे बड़ा समाधान है। उन्होंने यह संदेश दिया कि बांग्लादेश के हिंदुओं को डरकर भागने के बजाय अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए हिम्मत जुटानी होगी और इसमें बाहरी दुनिया के हिंदू उनका साथ देंगे।




## एक-दूसरे से जुड़ी है भारत-मलेशिया की समृद्धि-मोदी और अनवर इब्राहिम के बीच उच्च स्तरीय वार्ता, कई अहम समझौते हुए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय मलेशिया यात्रा के दूसरे दिन भारत और मलेशिया के बीच रिश्तों का एक नया अध्याय शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच रविवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नई दिल्ली और कुआलालंपुर की समृद्धि एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत और मलेशिया दो महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी हैं, और वैश्विक अस्थिरता के बीच उन्हें अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी दो दिवसीय यात्रा का मुख्य संदेश भारत और मलेशिया के बीच हर संभव क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करना है, और उन्होंने इब्राहिम को उनके आगमन पर मिले शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद दिया।



उन्होंने कहा कि मलेशिया में लगभग तीन मिलियन भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो दोनों देशों के बीच एक जीवित पुल हैं। अपनी टिप्पणी में, मोदी ने एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) की सफल अध्यक्षता के लिए इब्राहिम को बधाई दी, और कहा कि कुआलालंपुर के सहयोग से यह मंच और मजबूत होगा।

# मंदसौर जिले की गरोठ पुलिस ने मादक पदार्थ MD फैक्ट्री मय एक्युकमेंट के पकड़ा

## थाना गरोठ पुलिस द्वारा एमडी बनाये जाने वाले केमीकलो का गाढा मिश्रण वजनी 12 किलो 610 ग्राम, 102 ग्राम एमडी व एमडी बनाने में उपयोग होने वाले अन्य उपकरण व केमीकल जप्त किये गये।



(कमल राठौर)

**भानपुरा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमति हेमलता कुरील एवं विजय कुमार यादव एसडीओपी गरोठ के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थो के रोकथाम व धरपकड अभियान के तहत निरीक्षक हरीश मालवीय थाना प्रभारी गरोठ एंव टीम के द्वारा मुखबीर सुचना से ग्राम सुरजना स्थित खेत कुए पर दबीश दी गई। मोके पर दो व्यक्ती एमडी बनाते हुए पाये गये। मोके पर उनके कब्जे से एक स्टील के घड़े में तीव्र गंध वाला मादक पदार्थ (एमडी) बनाने में उपयोग होने वाले केमीकल के मिश्रण को छाछ बनाने की मशीन से बिलोते हुए अन्य उपकरण के साथ मिले। जिन्हे मोके पर अन्य उपकरणो के साथ पकड़ा आरोपीगण से पुछताछ करते एक ने अपना नाम दीपक पिता राधेश्याम जाति सिकलीगर उम्र 32 साल निवासी सुरजना व दुसरे ने सुमित पिता राजाराम जाति सिकलीगर उम्र 19 साल निवासी सुरजना का होना बताया बाद मोके पर वैधानिक कार्यवाही की गई बाद थाना गरोठ पर अपराध क्रमांक 50/2026 धारा 8/15, 22, 29, 30 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्द किया गया।

**जप्त मश्रुका-**

(1) 102 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी. (2) स्टील के घडे में तीव्र गंध वाला अवैध मादक पदार्थ बनाने में उपयोग में लाए जाने वाले केमीकलों का मिश्रण कुल वजन 12 किलो 610 ग्राम (3) 3 किलो 540 ग्राम एमडी ड्रग्स बनाने में सहयोगी तरल पारदर्शी पदार्थ (4) 680 ग्राम एमडी ड्रग्स बनाने में सहयोगी सफेद केमीकल पावडर (5) एक लाल रंग का गेस सिलेन्डर (6) एक सेन्ट्री फ्युग करने की मशीन (7) एक चुल्हा भट्टी (8) एक स्टील की थाली (9)एक स्टील का भगोना (10) बिजली कनेक्शन लेने वाला नीले रंग का तार (11) एक अर्थिंग वाला लोहे का सरीया (12) दो विवो कम्पनी के एन्ड्रायड मोबाईल।

**सराहनीय कार्य-**उक्त कार्यवाही में निरीक्षक हरीश मालवीय थाना प्रभारी गरोठ व अन्य थानो की टीमो का सराहनीय योगदान रहा। मंदसौर पुलिस प्रदेशभर में नशे के विरुद्द चलाये जा रहे अभियान के लिए प्रतिबद्द एंव दृढसंकल्पीत है।

# दलौदा पुलिस द्वारा चोरी करने वाली मुल्तानी गेंग को पकड़ने में मिली सफलता

(शाहिद अजमेरी)

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के द्वारा अभियान के तहत निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारीयों को दिये गये जिसके पालन मे कार्यवाही करते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर तेर सिहं बघेल एवं SDOP मंदसौर ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन तथा उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी थाना दलौदा के नेतृत्व मे दलोदा पुलिस टीम द्वारा दलोदा से 05 क्विंटल लहसुन चोरी करने वाली मुल्तानी गेंग के कुल 04 चोर को गिरफ्तार कर चोरी हुई 05 क्विंटल लहसुन को बरामद करने में सफलता प्राप्त की।



**घटना का संक्षिप्त विवरण**

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है किथाना दलौदा पर दिनांक 07.02.2026 को फरियादी भेरुलाल पिता गोपाल माली उम्र 26 साल निवासी ग्राम आक्या थाना दलौदा जिला मंदसौर तथा ने मांगीबाई पिता रामलाल माली ने अपने लगभग 05 क्विंटल लहसुन चोरी हो जाने के संबंध में थाना दलौदा पर रिपोर्ट करते थाना दलोदा पर अपराध क्रमांक 60/2026 धारा 303 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विशेष टीम का गठन कर तकनीकी साक्षीयो के आधार पर वैज्ञानिक अनुसंधान कर सीसीटीवी कैमरो की मदद से मुल्तानी गेंग को ट्रेस कर गेंग के सदस्य नियाजु टेनी पिता मुख्तियार टेनी निवासी मुल्तानपुरा, फिरोज पिता जाकीर पटेल निवासी मुल्तानपुरा, सादिक पिता फारुक बटला निवासी मुल्तानपुरा, शोहेल पिता साजिद मगुडा निवासी मुल्तानपुरा को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी 05 क्विंटल लहसुन को बरामद करने में सफलता प्राप्त की हैं।

**सराहनीयकार्य**

उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी दलौदा, सउनि कैलाश सिंह बघेल, सउनि तेजसिंह डामर, प्रआर. 55 दिपेन्द्र सिंह पंवार, प्रआर. 133 मुकेश सिंह भदोरिया, आर. 484 युवराज सिंह, आर. 879 गोपाल कृष्ण, आर. 485 कुलश्रेष्ठ सिंह, आर. 867 लाजपत राय सेन, आर. 876 सागर शर्मा,आर कमल महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

# नौकरी लगवाने के नाम पर युवाओं से लाखों की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**मनावर।** आदिवासी बाहुल्य जिले धार में बेरोजगार युवकों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया हैं, आरोपी ने धार सहित बडवानी व खरगोन जिले के बेरोजगारो को भी अपना निशाना बनाया है। आरोपी ने निजी कंपनी का प्रोजेक्टर लांच होने व प्रतिमाह सैलरी देने के नाम पर पीडित युवकों से फोन पे पर रूपए प्राप्त कर लिए थे। इधर ठगी के बाद युवकों ने थाने पर प्रकरण की सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में जबलपुर निवासी अभिषेक पिता रमेश बोरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी की गिरफतारी को लेकर एक टीम गठित की गई है।

**यह था मामला**

दरअसल वर्ष 2024 में आरोपी अभिषेक बोरियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को बताया कि हेल्प एंड केयर डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन कंपनी अपना एक बडा प्रोजेक्ट लांच करने वाली है। कंपनी के विभिन्न पदों पर सैकडों की संख्या में युवाओं की भर्ती स्थानीय स्तर पर की जानी है। 8 माह तक आरोपी धार, खरगोन व बडवानी जिले के युवाओं से मिलकर पूरी टीम बनाई, कुछ युवाओं को आरोपी ने कंपनी में सैलरी देने की बात भी कही थी। आरोपी ने करीब 12 लाख रूपए पीडितों से फोन पे के माध्यम से लिए थे, आरोपी ने युवाओं को एनजीओ में पूरी टीम बनाने और जल्द ही प्रोजेक्ट आने का




आश्वासन दिया। आरोपी ने प्रोजेक्ट आने पर पूरी सैलरी देने का वादा किया और फर्जी नियुक्तियों का झांसा देकर युवाओं से काम करवाता रहा। मनावर पुलिस थाना के उप निरीक्षक मनोज पाटीदार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी फिलहाल फरार है।

**इनका कहना हैं, कि....**


**पीडित युवा थाने पर पहुंचे थे, आवेदन की जांच पर से प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफतारी के लिए एक टीम को जबलपुर भेजा गया है।**

**-ब्रजेश मालवीय, एसडीओपी**

# अवैध गतिविधियों के विरुद्ध बड़वानी पुलिस का जीरो टॉलरेंस अभियान

(राजेश नाहर 9479973888)

**बड़वानी।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के निर्देशन में अवैध गतिविधियों विशेषकर जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विशेष अभियान चलाकर व्यापक एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन कर जिलेभर में एक साथ दबिश दी गई और अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जुआ एवं सट्टा के कुल 18 प्रकरणों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से ताश के पत्ते, सट्टा उपकरण, सट्टा पर्चियां एवं कुल लगभग 21,595 नगद जप्त किए गए। इस कार्रवाई में थाना निवाली, पाटी,



पानसेमल, सेंधवा ग्रामीण, ठीकरी, नागलवाड़ी, बड़वानी, राजपुर, सेंधवा शहर, वरला एवं अंजड़ थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई की गई। वही अवैध शराब के विरुद्ध 4 प्रकरणों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना पानसेमल एवं सेंधवा ग्रामीण द्वारा कुल 22 लीटर 420 एमएल अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3,250 है।

अभियान के अंतर्गत कुल 22 प्रकरण 26 आरोपी गिरफ्तार कुल 24,845 नगद एवं सामग्री (ताश के पत्ते, सट्टा उपकरण, सट्टा पर्ची एवं अवैध शराब) जप्त की गई।

प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर का कहना है बड़वानी पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर, कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगी।

## श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ मंदिर, खाचरोद में भव्य ध्वजा महोत्सव सम्पन्न

(गिरधारी गेहलोत)

**खाचरोद।** श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर, नागदा रोड, खाचरोद पर युगप्रभावक पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराजा के पट्टधर गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. एवं आचार्य श्रीमद् विजय जयरत्न सूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्ती साध्वी श्री अमृतरसा श्रीजी महारासाहब आदि ठाणा-3 की पावन निश्रा में सैकड़ों समाजजनों की उपस्थिति में श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ मंदिर की वार्षिक ध्वजा अत्यंत भव्य व भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई। इस ऐतिहासिक अवसर पर साध्वी श्री अमृतरसा श्रीजी मसा ने प्रवचन देते हुए



कहा कि श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ मंदिर एक पावन तीर्थ है तथा प्रतिवर्ष होने वाला ध्वजा आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं समर्पण का अनुपम प्रतीक है। ध्वजा के वर्ष 2026 के लाभार्थी सुरेशचंद्र, राजेश कुमार एवं पुरणमल जैन परिवार (मेघनगर) रहे। इस पावन अवसर पर साध्वी श्री अमृतरसा श्रीजी म सा को न्यास मंडल द्वारा काबुली ओढ़ाई गई एवं लाभार्थी परिवार का शाल व श्रीफल से बहुमान किया गया।

# दुआ सभागार में पिछली माह लगी थी, डॉ. शिखा घनघोरिया की फोटो प्रदर्शनी-पहले ही दिन अलग अलग राज्यों की 62 में से 17 चिड़ियों पर सोल्ड की स्लिप चस्पा,17 चिड़िया फुर्र हो गई.....

## पिता ने पहला कैमरा गिफ्ट किया,फिर तो शौक सिर चढ़ कर बोलने लगा.....

झाबुआ/इंदौर (संजय जैन-सह संपादक)। आपको बता दे कि ऐसा वाकिया बहुत कम देखने मे आता है कि किसी कलाकार की पहली ही प्रदर्शनी लगे और पहले ही दिन 17 फोटो पर सोल्ड की स्लिप चस्पा हो जाए। प्रीतमलाल दुआ सभागृह में पिछले माह एमजीएम मेडिकल कॉलेज की डॉ.शिखा घनघोरिया-प्रो. ओंको पैथालॉजी के 62 चित्रों की बर्ड एग्जीबिशन में से पहले ही दिन 17 चिड़ियों फुर्र हो गयी थी। विधायक मनोज पटेल ने उद्घाटन करने के बाद चित्रों का अवलोकन किया था। हो सकता है कि मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अरविंद घनघोरिया का प्रभाव रहा हो या बड्र्स लवर की दिलचस्पी.....एक चौथाई चित्र सोल्ड होने की खुशी से डॉ. शिखा का चेहरा चमक गया था।


मनोज पटेल-विधायक,इंदौर


प्रीतमलाल दुआ सभागृह, इंदौर


संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

## बर्डस् फोटोग्राफी, ध्यान और तपस्या जैसा......



आपको बता दे कि बर्ड एग्जीबिशन में जो 62 फोटो लगाए गए थे,उन्हें डॉ.शिखा ने पिछले पांच साल के दौरान डॉ.अरविंद के साथ हर साल कार से हिमाचल, उत्तराखंड, गुजरात, मप्र, विंध्याचल, कर्नाटक, केरला, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों की यात्रा के दौरान उन्होंने जंगलों में बर्डो को तलाश करके फोटो खींचे थे। दोनो ड्रायवर भी साथ इसलिये नहीं रखते क्योंकि वे दोनों ही ड्राइव करते थे। उल्लेखनीय है कि बर्डस् फोटोग्राफी इसलिये भी चुनौतीपूर्ण होता है कि इसमे धैर्य बेहद ही जरूरी है। यह एक तरह से तो ध्यान और तपस्या जैसा होता है। एंगल जमाते-जमाते हल्की सी आहट से ही परिंदा कब उड़ जाए कोई कह नहीं सकता...? कैमरा हाथ में रहते हुए भी, वे दोनों मौन साधना जैसे रहते थे।

## डॉ. शिखा के मेंटर हैं, वरिष्ठ फोटोग्राफर शंकर पाठक.........


गौरीशंकर शेजवार-पूर्व मंत्री


बर्ड एग्जीबिशन में डॉ.शिखा घनघोरिया-प्रो. ओंको पैथोलॉजी, इंदौर

पहले डॉ. शिखा ने श्रीराम चौहान की सलाह पर कैनन कंपनी का 800 एमएम का पहला कैमरा लिया था। उसीसे उन्होंने कैमरा पकड़ना और सब्जेक्ट पर फोकस करना सीखा था। फिर उन्हें डॉ.संजय खरे ने पाठक सर की क्लास ज्वाइन करने की सलाह दी,वहीं से डॉ.शिखा ने डिप्लोमा कोर्स किया है।

**फोटोग्राफी का शौक आखिर लगा कैसे........?**

इस सवाल पर डॉ.शिखा का कहना था कि मेरे पिता-पूर्व मंत्री-गौरीशंकर शेजवार पक्षियों वाले कैलेंडर से फोटो काट-काट कर मुझसे फ्रेम करवाते थे। मैं लैंस से उन फोटो को बढ़ा कर के देखती थी,बस ऐसे ही दिलचस्पी बढ़ती गई। भोपाल मेडिकल कॉलेज में थी,तब पापा ने 36 रील वाला पहला कैमरा मुझे गिफ्ट किया था। अब तो मैं मिररलेस कैमरे से फोटोग्राफी कर रही हूं,लेकिन वो कैमरा अभी भी मैंने सहेज का रखा है।

जब पापा मंत्री थे,उसी दौरान मुंबई के विख्यात डॉ.रमाकांत पांडा से मुलाकात हुई,वे भी फोटोग्राफी करते है। पिताजी ने उन्हें कान्हा किसली सहित मप्र के अन्य टूरिस्ट स्पॉट देखने के लिये आमंत्रित किया था,फिर तो डॉ.पांडा मप्र.के मुरीद ही हो गए।

## बेटर हॉफ का मैं, बेस्ट ड्रायवर....


डॉ. अरविंद घनघोरिया-मेडिकल कॉलेज, इंदौर

पत्नी के इस शौक को लेकर डॉ.अरविंद घनघोरिया का कहना था कि चिकित्सा सेवा के साथ ही शिखा का यह शौक उन्हें सुकून देता है। मैं फोटोग्राफी में भले ही ज्यादा नहीं समझता, लेकिन जब भी दो महीने फोटोग्राफी का दूर रहता, तब बेटर हॉफ के लिये, मैं बेस्ट ड्रायवर की भूमिका में बेहद खुशी महसूस करता हूं। हमने एग्जीबिशन के लिए इंदौर को इसलिये ही चुना था कि हम दोनों यहां के ही मेडिकल कॉलेज में हैं और यह हमारी कर्मभूमि भी है, जिसका रिस्पॉन्स हमें अच्छा ही मिला। अब आने वाले दिनों में हमारी जन्मभूमि जबलपुर और भोपाल में भी हम बर्ड एग्जीबिशन लगाने की कोशिश करेंगे।

# गांव का बेटा अपने गांव लोटा तो गांव वालों का खुशी का ठीकाना नहीं रहा किया भव्य स्वागत

(धर्मेन्द्र सोलंकी)

**बाग।** धार जिले बाग विकासखंड खंड के ग्राम पंचायत बाकी बाग के छेटे से ग्राम कदवाल से विक्रमसिंह पिता मगनसिह रावत सीआरपीएफ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में नियुक्ति के बाद जम्मू कश्मीर से पहली बार अपने गांव लोटे तो उनके लोटने की खुशी का ठिकाना वहां के ग्रामीणों का नहीं रहा गांव का बेटा जब अपने गांव लोटा तो उनके आगमन में हर कोई उनके स्वागत में अपने हाथ खोले हुए था।

इसी कड़ी में रावत का भव्य स्वागत किया गया एवं ग्राम आगर से लगकर अपने ग्रह निवास पटेल पुरा कदवाल तक रैली निकाली गई ढोल बाजे के साथ उनकी स्वागत रैली चली जिसमें गांव के समस्त भाईयों और माता बहनों भाग लिया, अनिल रावत, रमेश रावत, बापू रावत, पदम रावत, मुकेश रावत, अजमेर रावत, बापू जनपद, गमा पटेल, समीर डोडवे, अमरसिंह रावत, इन्दरसिंह डामोर, जुवान सिंह चौहान, इन सभी लोगों का अहम योगदान रहा जय



जवान जय किसान जय हिन्द जय भारत वंदेमातरम जय श्री राम के नारे गुंजे इस दौरान कलम सिंह चौहान सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बाकी बाग ने उनके सम्मान में अपनी बात रखते हुए कहा की हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि हमारे छोटे से गांव से हमारा छोटा भाई रावत सीआरपीएफ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में अपनी सेवा दे रहा है इनकी इस उपलब्धि से बड़ा हर्ष महसुस हो रहा है। साथ ही हमे गर्व भी हो रहा है। वहीं रावत ने कहा की आपने आज मेरे यहां आगमन पर जो सम्मान मुझे दिया है यह आपका सम्मान ने मेरे होंसले को ओर भी शक्ती दी है।

मैं आप सभी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं साथ ही पढ़ने वाले उन युवाओं को संदेश देना चाहता हूं कि अपने मां बाप का सपना साकार करने के लिए हमें पढ़ाई को एक लक्ष बनाना होगा क्यों जबतक हम पढ़ाई को एक लक्ष बनाकर हासिल नहीं करेंगे तबतक हम सफलता हासिल नहीं कर सकते इस बीच में कोई अड़चनें भी आए तो अपने लक्ष से पिछे मत हटो अपने लक्ष को दोहराने रहो एक दिन सफलता निश्चित मिलेगी।

## सम्पादकीय.......

### मुफ्त उपहार

करीब चार साल पहले सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त या उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। उस समय पीठ ने इसे गंभीर मुद्दा करार दिया था और कहा था कि कभी-कभी मुफ्त उपहार योजना का बजट नियमित बजट से अधिक हो जाता है। देश में चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह मुफ्त तोहफों या उपहारों की राजनीति की जा रही है, उसने एक तरह से नतीजों की शुचिता को कसौटी पर रख दिया है। भारतीय राजनीति में पिछले कई वर्षों से यह प्रवृत्ति जटिल होती गई है। हालांकि इस मसले पर सवाल भी उठे हैं और मुफ्त तोहफों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने को लोकतंत्र के लिए एक घातक चलन बताया गया है। विडंबना यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर वे भी इसी तरीके को एक औजार की तरह इस्तेमाल करते हैं। खासतौर पर जो दल या गठबंधन सत्ता में होते हैं, वे वादों या घोषणाओं के साथ-साथ चुनावों के ठीक पहले कोई योजना या कार्यक्रम लागू करने के जरिए भी मतदाताओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्त उपहारों को भारतीय राजनीति में एक घातक प्रवृत्ति बताया है, लेकिन इस पर रोक को लेकर अब तक कोई ठोस नियमन सामने नहीं आ सका है। यही वजह है कि आज राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की होड़ देखी जाती है कि वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को कौन कितना ज्यादा लाभ पहुंचाने की घोषणा करता है। नतीजतन, स्वच्छ चुनाव और विवादरहित नतीजे आज एक सदिच्छा की तरह लगने लगे हैं। राजनीतिक दलों से यह उम्मीद करना मुश्किल हो गया लगता है कि इस दिशा में वे अपनी ओर से कोई ऐसी पहल करेंगे, जो चुनावी जीत के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के चलन पर रोक लगाएं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मसले पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, तो इससे एक बार फिर मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है। सवाल है कि अगर कोई मतदाता मुफ्त की सौगात दिए जाने के असर में किसी उम्मीदवार को वोट देता है, तो क्या यह एक तरह की सौदेबाजी नहीं कही जाएगी? अगर कोई सत्ताधारी पार्टी चुनावों के ठीक पहले किसी योजना या कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाती है, तो उसकी जीत को कितना निष्पक्ष माना जाएगा? दिनोंदिन बढ़ती मुफ्त उपहारों की राजनीति के बीच होने वाले चुनाव को किस हद तक स्वच्छ और स्वतंत्र कहा जाएगा?

अफसोस की बात यह है कि लंबे समय से इस पर सवाल उठने के बावजूद अब तक इस दिशा में ऐसा कानून जमीन पर नहीं दिखता है, जो राजनीतिक दलों को मतदाताओं के सामने मुफ्त उपहारों का लोभ परोसने और इसके जरिए उनका वोट हासिल करने की कोशिश करने से रोक सके। यह स्पष्ट होना चाहिए कि 'अतार्किक मुफ्त उपहार' के चुनावी वादे मतदाताओं को गलत तरीके से प्रभावित करने की कोशिश हैं और इससे न केवल राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा बुरी तरह प्रभावित होती है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता भी दूषित होती है।

# नग्न अवस्था में मिला था युवक का शव, कसरावद हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में खरगोन पुलिस को मिली सफलता

(आकाश गुप्ता)

**खरगोन। गत 31 जनवरी को थाना कसरावद पर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति का शव मटन मार्केट के पीछे संग्रहालय बेड़ी कसरावद पर पड़ा है। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम को तत्काल घटनास्थल पहुंची। घटनास्थल पर आसपास लोगों से चर्चा करने में ज्ञात हुआ कि मृतक का नाम राकेश उर्फ राका पिता जयराम चौहान उम्र 41 साल निवासी मटन मार्केट कसरावद है।**

मृतक राकेश का शव नग्न अवस्था में पाया गया व उसके सिर व चहरे पर काफी गंभीर चोटें लगी हुई थी और काफी खून निकला हुआ था। घटनास्थल पर खून लगे पत्थर भी पड़े हुए थे, जिससे कि प्रतीत हुआ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक की पत्थर से मारकर हत्या की गई है। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेजों का संकलन किया गया व उनका बारीकी से अवलोकन किया गया। मुखबिरों को भी सक्रिय कर घटना से जुड़ी जानकारी देने के लिए लगाया गया।

मृतक के परिजनों से 4-5 दिन तक विस्तृत चर्चा की गई। इसमें कई महत्वपूर्ण पहलू पर बारीकी से जांच की गई, जिसमे पुलिस टीम को कई अहम जानकारियां मिली। परिवारजनों ने पुलिस को बताया था कि मृतक राकेश उर्फ राका थोड़ा मानसिक रूप से कमजोर भी था।

इन सभी प्राप्त जानकारी के आधार




पर पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि रामदेव बैडी कसरावद पर रहने वाले एक विधिविरुद्ध बालक ने मृतक की मां के घर देर शाम शराब पी थी। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा उक्त विधिविरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया व उससे उक्त हत्या के प्रकरण में बारीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से बातचीत करने पर उसने उक्त हत्या की घटना को करना स्वीकार किया।

**हत्या करने का कारण सामने आया**

विधिविरुद्ध बालक ने पुलिस को बताया कि दिनांक 30 जनवरी को उसने देर शाम मृतक की मां के घर शराब पी रहा था, तभी वहां राकेश उर्फ राका आया और शौच करने का बोल कर बैडी तरफ चला गया। थोड़ी देर बाद मैं भी उसके पीछे-पीछे चला गया। बैडी पर पहुंचने के बाद संबंध बनाने के लिए मैं राका उर्फ राकेश के कपड़े उतारने लगा, तब राकेश उर्फ राका संबंध बनाने से मना करने लगा और बोलने लगा की मैं तेरी गंदी हरकत सबको बता दूंगा।

इसके बाद राकेश उर्फ राका और मेरी झुमा झटकी हुई मैंने वहीं पर पड़ा छोटा पत्थर उठाकर राका उर्फ राकेश के सिर पर मार दिया, जिससे राका को सिर पर चोट लगकर खून निकलने लगा और राका वहीं जमीन पर गिर गया और फिर उठने लगा और उठकर मेरे साथ में हाथापाई करने लगा तो मैंने हाथापाई के दौरान वहीं पर पड़े पत्थरों से उठाकर राका के सिर में मार दिया तो राका की मौत हो चुकी थी।

इसके बाद मैं वहां से निकाल भागा। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी विधिविरुद्ध बालक को किशोर न्याय बोर्ड जिला खरगोन में पेश किया गया है।

# खेजरा के प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर के समीप टीम उम्मीद का 14वां स्वच्छता अभियान

(जमना प्रसाद चौबे)

**दमोह।** टीम उम्मीद के द्वारा लगातार साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हर बार नई पहल के साथ स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। पूर्व में बेलाताल पार्क, पीडब्ल्यूडी पार्क, सर्किट हाउस पहाड़ी,स्वच्छता के साथ ट्रैकिंग अभियान, साइकिल अभियान, भदोली बावड़ी में स्वच्छता के बाद इस रविवार सुबह 8 बजे से 10 बजे तक प्राचीन हनुमान मंदिर खेजरा के परिसर के आस-पास फैली गंदगी को साफ किया गया। जिले के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में उम्मीद टीम के राकेश राठौर, कृष्णा पटेल, माधव पटेल, शिवम सोनी, महेंद्र सिंह लोधी, मनोज गुप्ता, जितेंद्र अहिरवाल, दीपक राजपूत, अर्जुन प्रताप सिंह, योगेन्द्र सिंह, दीपेश अहिरवाल व नगर पालिका से असद शेख शामिल रहे। उम्मीद टीम प्रमुख हरीश पटेल ने कहा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की बेहद कमी है। कम से कम हमे अपने देवस्थानों के आस-पास तो स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। हम भगवान के मंदिर आते हैं तो उन्हें अर्पित करने के बाद नारियल के



जूट, मिठाई के खाली पैकेट, तेल की, गुलाब जल की, पानी की खाली शीशीया, फूल मालाएं, आदि बाहर फेंक कर गंदगी फ़ैलाकर चले जाते हैं। हम सब अपने घर के देवस्थानों के आस-पास तो सफाई रखते हैं पर शहर के देवस्थानों के परिसरों के समीप भारी मात्रा में कचरा फ़ैलाते रहते हैं, जो सही नहीं है। इस बार टीम उम्मीद के साथ मेरा प्रयास था कि देव स्थानों को साफ रखने की पहल की जाए। लोगों से निवेदन है कि भक्ति के साथ स्वच्छता भी बनाए रखने का संकल्प लें। टीम के युवा कृष्णा पटेल ने कहा कि उम्मीद टीम के साथियों का यह सुंदर प्रयास है। लोग अगर देवस्थानों पर अपनी इच्छा पूर्ति की कामना लेकर आते हैं, तो गंदगी फ़ैलाकर चले जाना उचित नहीं है। मंदिर परिसर के बाहर चारो तरफ बहुत कचरा था, कुछ हद तक सफाई हो चुकी है। टीम के दीपक राजपूत ने कहा कि स्वच्छता की ये एक अच्छी पहल है मंदिर के स्थान शांति और सुकून के लिए होते हैं पर गंदगी करके हमे ईश्वर से मनचाहा फल कैसे मिल सकता है।मंदिर और मंदिर के आसपास की स्वच्छता पवित्रता बनाए रखना चाहिए। उम्मीद टीम के राकेश राठौर ने कहा मंदिर भी भगवान का घर है, जिस तरह हम अपने घर के आस-पास का माहौल साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखते हैं उसकी तरह हमे भगवान के घर के आस-पास भी स्वच्छता और सुंदरता बनाकर रखना चाहिए।

# रक्तदान कर युवा इकाई ने मनाया संकल्प दिवस

(जमना प्रसाद चौबे)

**दमोह।** वैश्य महा सम्मेलन मध्य प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद गुप्ता नाना जी की स्मृति में प्रतिवर्ष वैश्य महासम्मेलन के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास डागा के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के संपूर्ण जिलों व तहसीलों में संकल्प दिवस के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसके तहत दमोह जिले की संपूर्ण तहसीलों में भी जिला युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल के नेतृत्व में संकल्प दिवस मनाया जा रहा है जिस क्रम में दमोह में भी नगर अध्यक्ष राजू नामदेव के द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 10:00 बजे से निरंतर क्रम में लोगों के द्वारा जहां रक्तदान किया गया, वहीं कई लोगों ने अपना रक्तदान परीक्षण कर अपना नाम और मोबाइल नंबर लेकर एक लिस्ट सोपी है जो भविष्य में फोन आने पर वहां पर उपलब्ध होकर रक्तदान करेंगे रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से विकास



अग्रवाल बृजेश नामदेव संदीप नामदेव वहीं परीक्षण करने वालों में राजू नामदेव मोहिनीस जड़िया शुभम नामदेव अमित राय अमरदीप जैन प्रिंस असाटी स्वप्नेश अग्रवाल विकल्प जैन अभिषेक साहू विनय जैन प्रीतेश दिवाकर नितिन जैन मनीष जैन आदि की उपस्थिति रही।

### दमोह कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अवैध बारह बोर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी गिरफ्तार

(जमना प्रसाद चौबे)

**दमोह। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर जिले में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बारह बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ** एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अति. पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया। इसी क्रम में दिनांक 07 फरवरी 2026 को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने



कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रमन पिता लक्ष्मीप्रसाद चौबे, उम्र 22 वर्ष, निवासी सेमरा छक्का, थाना थरिया, हाल निवासी जटाशंकर कॉलोनी, दमोह के कब्जे से एक बारह बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया गया।


आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 110/2026, धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## रतलाम में कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई, स्कूली बसों की हुई जांच, सृजन महाविद्यालय की बस से 16000 की वसूली, 37 हजार समझौता शुल्क वसूल

रतलाम। जिलें में स्थित स्कूलों में संचालित होने वाली बसों की चैकिंग की गई। जिसमें श्री गुरुतेग बहादुर ऐकेंडमी, रतलाम में संचालित होने वाली स्कूल बसों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान स्पीड गवर्नर की जाँच वाहन का बोनट खुलवा कर की गयी एवं सभी वाहनों में स्पीड गवर्नर लगा पाया गया, वाहनों के अग्नीशमन यंत्र को भी चलवाया जाकर देखा गया जिसमें 02 स्कूल बसों में अग्नि शमन यंत्र उपलब्ध नहीं थे। वाहनों से समझौता शुल्क राशि 37 हजार रुपए वसूल की गई।







कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लौरे ने बताया कि 7 फरवरी को जिलें में स्थित स्कूलों में संचालित होने वाली बसों की चैकिंग की गई। जिसमें श्री गुरुतेग बहादुर ऐकेंडमी, रतलाम में संचालित होने वाली स्कूल बसों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान स्पीड गवर्नर की जाँच वाहन का बोनट खुलवा कर की गयी एवं सभी वाहनों में स्पीड गवर्नर लगा पाया गया, वाहनों के अग्नीशमन यंत्र को भी चलवाया जाकर देखा गया जिसमें 02 स्कूल बसों में अग्नीशमन यंत्र उपलब्ध होना नही पाये गये। इस कारण से 02 वाहनों से समझौता शुल्क राशि रु 6000/- वसूल की गई। स्कूल वाहनों में आपातकालीन खिड़की व दरवाजों की जाँच की गई, जिसमें 05 स्कूल बसों में आपातकालीन खिड़की व दरवाजे नट-बोल्ट से कसे पाये गये। जिससे आपातकालीन स्थिति में उनका प्रयोग किया जाना संभव नही था। इस कारण से 05 वाहनों से समझौता शुल्क राशि रु 15000 वसूल की गई । स्कूल वाहनों में सी.सी.टी.वी कैमरो को मोबाईल में चलवाया जाकर देखा गया जो कि कार्यरत पाये गये। 07 स्कूल बसों में जो कमिया पायी गई है उन्हें दुरस्त कराया जाकर वाहनों को 5 दिवस में भौतिक सत्यापन हेतु कार्यालय में पेश किये जाने के लिए आदेशित किया गया। सृजन महाविद्यालय की 01 बस में कमी पाये जाने पर समझौता शुल्क राशि रु 16,000 वसूल की गई । इस प्रकार कुल समझौता शुल्क राशि रु 37,000 शासन के पक्ष में वसूल किये गये। चैकिंग के दौरान समस्त स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया कि वह अपने स्कूल वाहनों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाईन जैसे वाहन का वैध बीमा, परमिट, फिटनेस, पी.यू.सी., चालक का वैध लायसेंस, अग्नीशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, स्पीड गवर्नर, सी.सी.टी.वी. कैमरे, व्ही.एल.टी.डी., पैनिक बटन एवं आपातकालीन खिड़की व दरवाजे दुरस्त रख कर ही अपने स्कूल वाहन का संचालन करे। यदि कोई भी स्कूल वाहन नियमानुसार संचालित होना नही पाया जाता है तो उन स्कूली वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत चालानी कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में औद्योगिक विस्तार को लेकर बैठक सम्पन्न

(एजाज खान बुरहानपुर)

**बुरहानपुर।** जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के मीटिंग हॉल में कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित रही।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार भी उपस्थित रहे। उद्योग विभाग अंतर्गत आयोजित बैठक में जिले में उद्योग क्षेत्र के विकास, रोजगार विस्तार एवं कौशल को गति प्रदान करने सहित मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए पुलिस विभाग, नगर




निगम, विद्युत विभाग तथा बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करना, बैंकिंग सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, कलस्टरों एवं विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। मीटिंग में कलेक्टर श्री सिंह ने फायर स्टेशन को लेकर नगर निगम को निर्देश दिए ताकि आग जनित घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके।

वहीं उन्होंने उद्योगों में अपने स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित करने तथा फायर एनओसी करवाने के निर्देश भी दिये।कलेक्टर श्री सिंह ने उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की प्रोफाइल तैयार रखने एवं क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे संचालन के संबंध में भी बात कही।

# आकाश गुप्ता एआईजे यूथ विंग के जिलाध्यक्ष मनोनीत

## पत्रकार साथियों ने ओल्ड पीआरओ परिसर पर किया स्वागत, दी बधाई

**खरगोन। भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष धवन माहेश्वरी ने नगर के युवा पत्रकार आकाश गुप्ता को एआईजे यूथ विंग का खरगोन जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।**

उक्त नियुक्ति एआईजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन व यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जैन की सहमति से की गई है। श्री गुप्ता का नगर के पत्रकारों द्वारा ओल्ड पीआरओ परिसर में पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

एआईजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख, प्रदेश संयोजक आमिर शेख, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम कुशवाह, जिलाध्यक्ष प्रकाश भावसार, संरक्षक आशुतोष पुरोहित, तहसील अध्यक्ष राजकुमार सोनी, वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत शर्मा, मुकेश ठक्कर, अनवर जिंदरान, नरेंद्र भटोरे, सदाशिव वर्मा, संजय पाराशर, अजय तिवारी, रामेश्वर बड़ोले, प्रवीण पाल, संदीप ठक्कर, नाजिम शेख, मनीष मडाहर, शुभम बगलाने, अबूबकर जिया, दिनेश सागौरे, करण चौहान, दिलीप पंचोली, मोहन जोशी, रवि परमार,





पुरुषोत्तम सोनी, कांतिलाल कर्मा, सतीश गांगले, रईस खान, अतीक अली, लुकमान खत्री, रफीक मंसूरी, जमीर मंसूरी, श्याम गुप्ता, सुरेश राठौर सहित अनेक पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री गुप्ता को बधाई दी है। श्री गुप्ता ने महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की रीति-नीति अनुसार राष्ट्र व पत्रकारिता के हित में कार्य करने की बात कही है।

## संपादक महेश जैन का भाजपा नेता सोमानी के नेतृत्व में हुआ स्वागत, सम्मान, किया नागरिक अभिनंदन





**जावद। नीमच जिले के संपादक महेश जैन का संघर्ष समर्पण समाचार नव स्थापित समाचार कार्यालय का भव्य शुभारंभ दिनांक 8 फरवरी 2026 रविवार को नीमच स्थित पटवा कॉम्पलेक्स बगीचा नंबर 19 प्रायवेट बस स्टैंड नीमच पर मुख्यअतिथियों, विशिष्ट अतिथियों के हाथों ढोल ढमाको की थाप पर हुआ।**

सम्मान समारोह में जिला प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नारायण सोमानी के नेतृत्व में संपादक महेश जैन का राजस्थानी पगडी, सनातनी प्रतीक चिन्ह केसरिया दुपट्टा, माला पहनाकर स्वागत सम्मान करके नागरिक अभिनंदन किया साथ ही बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामनाए की। भाजपा नेता नारायण सोमानी ने कहा विधानसभा क्षेत्र जावद के नगर परिषद सरवानिया महाराज निवासी महेश जैन हाल मुकाम नीमच ने कम उम्र में बडी छलांग लगाते हुए नीमच जिले में सप्ताहिक पेपर के रूप में संघर्ष समर्पण समाचार पेपर पढने और देखने में मिलेगा। इसी दौरान नीमच जिला प्रेस क्लब जिला कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, पत्रकार मनीष बागडी, पत्रकार संदीप बाफना साथ ही अरूण डोरिया, सोनू भाटी, दिलखुश पाटीदार सहित नीमच, जावद, मनासा सहित नीमच जिले के पत्रकारगण मौजूद थे। वही जावद के भाजपा नेता नारायण सोमानी ने शुभारंभ के मौके पर आए लोकप्रिय सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, नीमच क्षेत्र के विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध माधव मारु, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, नीमच नगर पालिका अध्यक्षा स्वाती गौरव चोपडा, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष राकेश पप्पु जैन, नईविधा पेपर के प्रधान संपादक राजेश मानव, स्वर्णिम हिंदुस्तान के संपादक भूपेंद्र गौड बाबा सहित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, युवाजनों से विभिन्न विषयों चर्चा करके मुलाकात की।

# ग्रामीण ज्ञानालय सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की कोर कमेटी की प्रथम वार्षिक बैठक हुई सम्पन्न

(राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367)

**अशोकनगर।** रविवार को स्टेशन रोड स्थित मुंगावली सामुदायिक भवन में ग्रामीण ज्ञानालय सोशल वेलफेयर फाउंडेशन (ज्ञानालय परिवार) की प्रथम वार्षिक कौर बैठक आयोजित की गई बैठक में ज्ञानालय परिवार के मुखिया एवं विधायक पुत्र अर्जुन सिंह यादव सहित प्रत्येक गाँव के ज्ञानालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।





सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित ज्ञानालय परिवार के सदस्यों की अर्जुन यादव द्वारा उनके कार्यों की सराहना की गई ओर आगे भी इसी तरह कार्य करते रहने के लिए उत्साहित किया। बैठक में समिति ने निर्णय लिया कि इस वर्ष टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों को उनके द्वारा अपने गाँव/वार्ड आदि में किये गए समाज सेवा कार्य के आधार पर टूर्नामेंट में एंट्री दी जाएगी। ज्ञानालय की समितियों से अपेक्षा है कि स्वच्छता(मंदिर, स्कूल आदि की सफाई), शिक्षा(निशुल्क ट्यूशन आदि), खेल (गाँव में बच्चो को ट्रेनिंग), पर्यावरण( विरक्षारोपण, सौन्दरीकरण), सांस्कृतिक/आध्यात्मिक आयोजन, गौसेवा आदि विषयों पर ग्रामीण क्षेत्रों की समितिया निरंतर कार्य जारी रखें। इसके साथ ही समिति ने मुंगावली विधानसभा से बाहर के क्रिकेट खिलाड़ियों को किस तरह टूर्नामेंट का हिस्सा बनाया जा सकता है, इस विषय पर विस्तृत विचार चर्चा की। बैठक में सुझाव आए कि हर टीम में चंदेरी एवं अशोकनगर विधानसभा के कुछ खिलाड़ियो को मौका दिया जा सकता है जिससे वो भी ज्ञानालय परिवार का हिस्सा बन सके एवं आगे के सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग दे कर क्षेत्र एवं समाज की सेवा कर सकें।

इसके अलावा इन सभी विषयों को लेकर आगामी समय में एक वृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमे सभी टीमों के समस्त खिलाड़ियो को आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से अजितेश श्रीवास्तव, अविनाश यादव अन्नू, आयुष दुबे, इंद्रजीत यादव, अनिकेत भार्गव, अभिषेक माथुर, अभय बैस, श्याम मंगल दांगी, अरुण बागड़ी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहें।

# शिवकुंड धाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई शबरी जयंती, सांसद अनिता चौहान रहीं उपस्थित

(दिपेश पड़ियार)

**पेटलावद।** शिवकुंड धाम में रविवार को माता शबरी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाई गई। चले राम शबरी धाम कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस धार्मिक आयोजन में माता शबरी का विशेष पूजन किया गया, उन्हें चुनरी ओढ़ाई गई और महाआरती उतारी गई।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अवसर पर शिवकुंड धाम पहुंचे और माता शबरी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ एवं संत श्री 1008 श्यामाचरण दास जी महाराज के पूजन के साथ हुआ।

इसके पश्चात संस्कृत प्रचारक मोहन डामर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अकमालसिंह डामोर द्वारा माता शबरी को श्रद्धापूर्वक चुनरी अर्पित की गई। शबरी जयंती के विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता शबरी को बेर का भोग लगाया, जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। एक मात्र मंदिर क्षेत्र में मान्यता के अनुसार शिवकुंड धाम में माता शबरी का एकमात्र मंदिर स्थापित है, जहां प्रतिवर्ष



हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में हनुमान प्रांगण में संत श्री लोकेश नाथ जी महाराज के सानिध्य में सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ।

इंदौर के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित 108 सुंदरकांड संकल्प श्रृंखला का यह तीसरा पाठ शिवकुंड धाम में पूर्ण हुआ। भक्तिमय वातावरण में ढोल-धमाकों के साथ श्री राम दरबार की भव्य एवं जीवंत झांकी निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।

ग्राम पांचपिपला से निकली इस झांकी में प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का स्वरूप धारण किए पात्रों ने माता शबरी के दर्शन किए, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

**सांसद ने भी दर्शन किए**

इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अनिता नागरसिंह चौहान भी शिवकुंड धाम पहुंचीं और माता शबरी व भगवान शिव के दर्शन किए।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सांसद को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए पानी की टंकी, सीसी रोड निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण एवं बोरवेल जैसी महत्वपूर्ण मांगें रखीं।

आयोजन में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़, जनपद सदस्य कालुसिंह दरबार, अभय जैन, सरपंच भागुसिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ओवरलोड पंचोली बस पर ट्रैफिक पुलिस नीमच की कार्यवाही 5 हजार का शमन शुल्क वसूला गया

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में यातायात प्रभारी सूबेदार सोनू बडगुर्जर के नेतृत्व में शहर में लगातार कार्रवाई जारी है। जिसमें बीमा फिटनेस सहित ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 8 फरवरी रविवार को पंचोली बस सर्विस पर कार्रवाई की गई। नीमच से मंदसौर रतलाम होकर भाबरा की ओर चलती है। रविवार को यह बस छत के ऊपर ओवरलोड करके जा रही थी तभी ट्रैफिक पुलिस नीमच द्वारा बस को रोक कर दस्तावेज चेक किए गए। बस में कमियां पाई गई ओवरलोडिंग पाई गई। जिस यातायात थाने पर खड़ा करके चालानी कार्रवाई की गई व बस पर पर लोड माल को खाली करके बस के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। यातायात टीम में सूबेदार सुरेश सिसोदिया सहायक उप निरीक्षक बृजेश परिहार प्रधान आरक्षक सुभाष परमार प्रधान आरक्षक कृष्ण सैनी प्रधान आरक्षक नाहर सिंह द्वारा बस के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस नीमच द्वारा ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है दस्तावेज पूर्ण नहीं होने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।







# कांग्रेस की आदत है विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं में बाधा बनना-मंत्री चौहान



**खरगोन (आकाश गुप्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हाल ही में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट-2026-27 में बजट की घोषणाओं और नीतियों को आम जनता तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागर सिंह चौहान, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर जी पाटील ने बजट के 24 महत्वपूर्ण प्रावधानों, घोषणाओं की जानकारी दी।बड़ी संख्या में पहुंचे इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों से साझा की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव आदि मौजूद रहे।

मंत्री श्री चौहान ने पत्रकारों के विपक्ष द्वारा बजट पर उठाए जा रहे सवालों पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत किए गए इस बजट से समूचे देश में खुशी का माहौल है, इसे विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बजट बताया जा रहा है, वहीं कांग्रेस की आदत बन गई है, देश के विकास के लिए बनाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं में खामियां निकालना, बाधाएं खड़ी करना। लेकिन जनता के सरकार पर भरोसे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास के चलते देश के तेजी से विकास कर रहा है। यह बजट बुनियादी ढांचे, पर्यावरण और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने वाला बजट है। इस बजट में महानगर, शहर विकास के साथ ही ग्रामीण विकास और ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का भी ध्यान रखा गया है। इस बजट को ज्ञान का बजट कहें तो अतिश्योक्ति नही होगी। क्योंकि इसमें जी-गरीब, व्हाय युवा, ए-अन्नदाता और एन-नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार ने अपने संकल्प को दोहराया है। यह बजट देश के 140 करोड़ नागरिकों के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यमवर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा का मार्ग प्रशस्त करता है। यह बजट इतिहास के उस बजट के रुप में याद किया जाएगा, जिसने विकसित भारत के संकल्प को पुर्ण किए जाने की दिशा में बढ़ते भारत के कदमों को गति दी है। पत्रकारवार्ता का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान ने किया। इस दौरान पूर्व जिला मीडिया प्रभारी मोहन जायसवाल सहित पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# तराना नगर में शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अल्मा इंटरनेशनल इंग्लिश मीडियम में वार्षिक उत्सव हुआ सम्पन्न

(अरशद जागीरदार)

**तराना। नगर में महिदपुर नाका चौपाटी पर स्थित अल्मा इंटरनेशनल स्कूल में कल रात्रि वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें की स्कूल के बच्चों द्वारा अनेक नृत्य और नाटकों में हिस्सा लिया गया स्कूल में ऑपरेशन सिंदूर पर किए नाटक ने सभी का दिल जीत लिया।**

साथ ही कार्यक्रम में बच्चों द्वारा इंग्लिश में डिबेट कर सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया कार्यक्रम लगभग 4 घंटे चला जिसमें की अनेक अतिथि और बच्चों के माता-पिता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों को देख एक मनमोहक दृश्य जागृत हुआ।

साथ ही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे तराना संदीपनि स्कूल के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता शेर सिंह राठौड़, कमल मालवी, कैलाश चंद्र रावल, संजय जोशी, पार्षद सदानंद दीक्षित, पत्रकार अरशद जागीरदार, पत्रकार सुनील यादव, युवा नेता मनोहर गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा और भी अनेक वरिष्ठ अतिथि और समाजसेवी कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पाठक मैडम ग्वालियर वालों द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का आभार अल्मा इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य सोनम व्यास मैडम द्वारा माना गया।






# मातृशक्ति के जागरण हेतु सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया

**(खलील मंसूरी)**

**उदयगढ़/आलीराजपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा निर्देशित ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला झाबुआ/आलीराजपुर मालवा प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उदयगढ में मातृशक्ति के जागरण हेतु सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम श्रीमती राधा शर्मा( राम मंदिर के पुजारी ) ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता श्रीमती तृप्ति आशीष सोनी दीदी मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम गौरव जैन का आथित्य प्राप्त हुआ।







कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रणवाक्षर ? मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया7इसके पश्चात गीत श्रीमती भारती राठौर एवं श्रद्धा राठौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। गीत के पश्चात भैया-बहन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। अतिथी परिचय श्रीमती भावना नागर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आलीराजपुर द्वारा किया गया ।

अतिथि स्वागत श्रीमती भारती राठौर श्रीमती सविता मावी श्रीमती श्रद्धा राठौर मातृशक्ति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य श्रीमती पूनम गौरव राठौर द्वारा हमारी संस्कृति में माता के महत्व तथा कुटुंब प्रबोधन विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया।तृप्ति दीदी द्वारा पारिवारिक मूल्यों व संस्कारों का संगम, पर्यावरण संरक्षण, परिवारों में प्रेम एवं सामंजस्य बढ़ाना। मातृशक्ति की नई पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ना आदी विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमती तृप्ति आशीष सोनी द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं भारत के विकास में माता की भूमिका विषय पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विशिष्ट माता का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भावना नागर दीदी द्वारा किया गया आभार श्रीमती श्रद्धा राठौर दीदी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य परिवार की उपस्थित रही।

# रतलाम में भारतीय पत्रकार संघ जिला उपाध्यक्ष पद की कमान मोहित शर्मा संभालेंगे

**रतलाम।** भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) यूथ विंग द्वारा रतलाम जिले में संगठनात्मक विस्तार के तहत नई नियुक्ति की गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष (यूथ विंग) संदीप जैन की सहमति से मोहित शर्मा को रतलाम जिला उपाध्यक्ष (यूथ विंग) के पद पर मनोनीत किया गया है।




यह नियुक्ति आदेश प्रदेश अध्यक्ष (यूथ विंग) धवन माहेश्वरी द्वारा जारी किया गया। आदेश के अनुसार मोहित शर्मा संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप पत्रकार जगत के हित में समर्पित भाव से कार्य करेंगे तथा जिले व सभी तहसीलों में युवा इकाई को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

संगठन ने श्री शर्मा को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं बेहतर कार्यकाल की कामना की है।

# कुकड़ेश्वर के खाती मंदिर के श्री राम मंदिर के पुजारी महावीर दास उर्फ श्याम दास बैरागी नहीं रहे

**(राजू पटेल)**

**कुकड़ेश्वर।** नगर के हसमुख मिजाज मिलनसार धार्मिक प्रवृत्ति के कुकड़ेश्वर श्री राम खाती पंच मंदिर के पुजारी स्वर्गीय रामचंद्र दास के पुत्र स्वर्गीय श्याम दास महावीर दास बैरागी का अकस्मात यात्रा के दौरान कन्याकुमारी में हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया।





उनके चारों बेटियों का नाम श्रीमती सपना श्रीमती ममता श्रीमती चिंकी श्रीमती लक्षिता स्वर्गीय महावीर दास बैरागी जी की चार बेटियों ने कुकड़ेश्वर नगर में एक मिसाल कायम की अपने पिता को बेटियों ने कंधा दिया बेटियों ने एक अनोखी पहल के तहत यह महसूस कर दिया है कि बेटा नहीं होने पर भी बेटियों ने अपना फर्ज निभाया बेटे का फर्ज निभाया स्वर्गीय दास जी के निवास पर पहुंचे मध्य प्रदेश पटेल संघ के प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र पटेल अपने साथियों सहित उनके निवास पहुंचकर संवेदना प्रकट की।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाकर नस्ल सुधार के प्रयास किए जाएं-राज्यमंत्री लखन पटेल

# आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी-सांसद राहुल सिंह

**(जमना प्रसाद चौबे)**

**दमोह।** हटा नगर स्थित श्रीराम गौशाला एवं पर्यावरण संवर्धन केंद्र में रविवार को नवीन गऊ आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह, विधायक हटा श्रीमती उमा देवी खटीक, वरिष्ठ साहित्यकार पं. श्याम सुंदर दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल एवं पूर्व विधायक गंगाराम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रविवार प्रातः 11 बजे अतिथियों द्वारा विधि-विधान से भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर गौमाता एवं भारत माता का पूजन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि नवीन गऊ आवास का निर्माण सांसद निधि से 10 लाख रुपये एवं पशुपालन विभाग/गौ-संवर्धन बोर्ड से स्वीकृत 5 लाख रुपये की राशि से किया जाएगा।








कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाकर नस्ल सुधार के प्रयास किए जाना आवश्यक है, तभी गौशालाओं की स्थापना सार्थक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि आवारा गौवंश की समस्या के समाधान के लिए जनसहयोग बेहद जरूरी है। सांसद राहुल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो आगामी वित्तीय वर्ष में गौशालाओं के लिए अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा गौवंश की समस्या के समाधान में सहयोग करने तथा गौपालन को बढ़ावा देने का आह्वान किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गौशाला समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


# नर्स विवाद से चर्चा में आए युवक ने दी जान, पन्ना के टपरियन गांव में फंदे से झूला महेंद्र लोधी

**(जमना प्रसाद चौबे)**

**सिमरिया/रनेह। पन्ना जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत ग्राम टपरियन में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान महेंद्र सिंह लोधी के रूप में हुई है, जो पिछले वर्ष रनेह स्वास्थ्य केंद्र की एक नर्स के साथ हुए विवाद और उसके बाद चले कानूनी घटनाक्रम के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था।**

**पुरानी रंजिश या मानसिक तनाव...?**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार (6 फरवरी) को महेंद्र सिंह लोधी ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर पहुंची, लोगों ने इसे पुराने विवाद से जोड़ना शुरू कर दिया। कई युवाओं ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मृतक के लिए न्याय की मांग की है।




**क्या था रनेह का चर्चित विवाद...?**

यह पूरा मामला 9 जून 2025 को शुरू हुआ था, जब महेंद्र लोधी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रनेह आया था।

**नर्स की रिपोर्ट**

नर्स ने आरोप लगाया था कि महेंद्र ने उनके साथ अभद्रता की, हाथ पकड़ा और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर रनेह थाने में महेंद्र के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं (अपराध क्र. 54/25) में मामला दर्ज हुआ था।

बस वाला वीडियो-घटना के तुरंत बाद एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें नर्स ने एक बस के भीतर महेंद्र को पीटते और गालियां देते दिखी थीं।

पुलिस ने इस वीडियो के आधार पर नर्स के विरुद्ध भी मारपीट और गाली-गलौज का मामला दर्ज किया था। दोनों मामले फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन थे।

**सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस**

महेंद्र की मौत के बाद सोशल मीडिया पर एक नई बहस शुरू हो गई है। लोगों का आरोप है कि नर्स के साथ हुए उस विवाद और उसके बाद की कानूनी प्रक्रियाओं के कारण महेंद्र मानसिक दबाव में था। हालांकि, पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के सटीक कारणों का पता जांच के बाद ही चलेगा।

**पुलिस का पक्ष**

इस संबंध में पुलिस प्रशासन का कहना है कि मृतक महेंद्र सिंह लोधी की आत्महत्या के मामले में चौकी हरदुआ (थाना सिमरिया, जिला पन्ना) द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में हुए विवाद में दोनों पक्षों पर निष्पक्ष कार्रवाई की गई थी और चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका था।

# ग्राम माधोगढ़ मे नदी किनारे फैक्ट्री बना कर बन रही अवैध कच्ची शराब को किया जप्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

**(राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367)**

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस द्वारा थाना कचनार क्षेत्र अंतर्गत ओर नदी के किनारे बसे ग्राम माधोगढ़ में अवैध कच्ची शराब निर्माण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। रविबार को सुबह लगभग 04.00 बजे थाना प्रभारी पिपरई, थाना प्रभारी कचनार, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभारी बहादुरपुर, थाना शाडोरा, थाना नईसराय, थाना कोतवाली तथा पुलिस लाइन के संयुक्त बल के साथ ग्राम माधोगढ़ में दबिश दी गई। सर्चिंग के दौरान दुर्गम एवं घने क्षेत्र को देखते हुए ड्रोन तकनीक का प्रभावी उपयोग किया गया दबिश के दौरान अवैध कच्ची शराब निर्माण करते हुए आरोपी रमेश पिता श्रीपत पारदी निवासी माधोगढ़ के कब्जे से 150 लीटर, आरोपी पट्टा पारदी पिता घिस्सू पारदी के कब्जे से 110 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई।





# भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण की कामकाजी बैठक सम्पन्न

**उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण की आगामी कार्ययोजना को लेकर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ की अध्यक्षता में जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय लोकशक्ति भवन पर संपन्न हुई।**

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने चल रहे अभियानों जैसे वी.बी.जी.राम.जी. अभियान, केन्द्रीय बजट अभियान पर विस्तृत चर्चा की, तथा आगामी कार्यक्रम 11 फरवरी भाजपा पितृपुरूष पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाने पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पण दिवस पर सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित करना है। जिसमें पुष्पांजलि, विचार गोष्ठी एवं स्वेच्छिक समर्पण निधि का संग्रहण शामिल है, व इस दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर व्याख्यान एवं संगोष्ठी करना है।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक व जिला प्रभारी समर्पण निधि अभियान किशोर मेहता ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ की हड्डी माने जाते है, ये वह लोग होते है, जो घर-घर संपर्क करते है, मतदाताओं को प्रोत्साहित करते है। चुनाव के समय प्रचार अभियान में पुरी लगन से जुड़ते है, ओर हर स्तर पर संगठन को मजबूती देने का काम करते है। आप सब की निष्ठा ओर मेहनत ही पार्टी की जीत का आधार बनती है।

जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने बताया कि आगामी कार्ययोजना को लेकर आयोजित जिला बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री राकेश यादव, जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल प्रभारीगण, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पालिका, परिषद एवं जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, मोर्चो के जिलाध्यक्ष, अभियानों की जिला एवं मण्डल टोली उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्याम शर्मा ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष व समर्पण निधि अभियान जिला सह प्रभारी अश्विन डिंडोरकर ने माना।




# भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) युवा संगठन मध्यप्रदेश के लगातार बढ़ते कदम

## प्रदेशभर में संगठन विस्तार, मात्र 3 दिन में सैकड़ों नए सदस्य जुड़े, युवा नेतृत्व को नई ऊर्जा

**(धवन माहेश्वरी प्रधान संपादक)**

**उज्जैन। उज्जैन। भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जैन तथा महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपिका द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भारतीय पत्रकार संघ की तीनों इकाइयाँ, मुख्य इकाई, युवा इकाई एवं महिला इकाई लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रही हैं।**

हाल ही में खरगोन में आयोजित 555 महासम्मेलन ऐतिहासिक रूप से अत्यंत सफल एवं प्रेरणास्पद रहा। इस महासम्मेलन के पश्चात प्रदेशभर के पत्रकारों में अपने उज्वल भविष्य को लेकर भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) के प्रति नया विश्वास एवं उत्साह जागृत हुआ है। परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश में निरंतर सैकड़ों की संख्या में पत्रकार भारतीय पत्रकार संघ से जुड़ते जा रहे हैं, जिससे संगठन का जनाधार और अधिक सुदृढ़ हो रहा है।

**युवा संगठन को मिला नया नेतृत्व**

भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) युवा संगठन मध्यप्रदेश के अंतर्गत मात्र 3 दिन में विभिन्न जिलों एवं संभागों में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिससे संगठन को नई दिशा, ऊर्जा एवं गति प्राप्त हुई है। नव नियुक्त पदाधिकारियों में प्रकाश भावसार को खरगोन जिले की मुख्य इकाई का जिलाध्यक्ष, रतलाम जिला से भारत शर्मा को उज्जैन संभाग का उपाध्यक्ष, विशाल शर्मा (नालछा) को इंदौर संभाग का उपाध्यक्ष, झाबुआ से जितेन्द्र राठौड़ को जिलाध्यक्ष, धार से आदित्य धाकड़ को जिलाध्यक्ष, खरगोन से आकाश गुप्ता को जिलाध्यक्ष, बुरहानपुर से नवीन आडे को जिलाध्यक्ष, मंदसौर से शाहिद अजमेरी को जिलाध्यक्ष, नीमच से भंवरलाल माडीवाल को जिलाध्यक्ष, हरदा से अर्जुन सेन को जिलाध्यक्ष, पन्ना से विवेक खरे को जिलाध्यक्ष, राजगढ़ से मोहित नाहर को एवं जिब्राईल अंसारी को छिंदवाड़ा से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**रतलाम से दीपक सोनी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है**

इसी क्रम में मोहित शर्मा को रतलाम जिला उपाध्यक्ष, विनीत सिंह को धार जिला महासचिव, आयुष भावसार (बुरहानपुर) को जिला उपाध्यक्ष (युवा इकाई) का दायित्व सौंपा गया है।

**शीघ्र होंगे जिला स्तरीय सम्मेलन**

प्रदेश युवा इकाई की कार्यकारिणी एवं जिला इकाइयों के लिए अनेक नामों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया चल रही है। संगठन के सूत्रों के अनुसार, अतिशीघ्र ही मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई कार्यकारिणी का विस्तार, संगठनात्मक प्रशिक्षण, पत्रकार हितों पर चर्चा तथा भविष्य की रणनीति तय की जाएगी।

**पत्रकार हितों के लिए संकल्पित संगठन**

भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) का मूल उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उनके सम्मान, सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा एवं पेशेवर विकास को सशक्त बनाना है। युवा संगठन विशेष रूप से नवोदित पत्रकारों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं संगठित मंच प्रदान कर उन्हें जिम्मेदार, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता के लिए प्रेरित कर रहा है।

**शुभकामनाओं के साथ उज्वल भविष्य की कामना**

भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) की तीनों इकाइयों में नवनियुक्त समस्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ, बधाई एवं उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ दी गई हैं। आशा व्यक्त की गई है कि सभी पदाधिकारी संगठन को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर करते हुए सेवा, सहयोग एवं समर्पण भाव से पत्रकार समाज की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे तथा भारतीय पत्रकार संघ को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त, प्रभावशाली एवं प्रतिष्ठित बनाएंगे। निस्संदेह, भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) संगठन आज केवल एक संगठन नहीं, बल्कि 90000 से अधिक पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की मजबूत आवाज बनकर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# पूर्व प्रधान राठौड़ के गांव के खस्ताहाल रास्ते, आमजन परेशान, नहीं दे रहे जिम्मेदार ध्यान

**(ओम जैन शंभूपुरा)**

**शंभूपुरा।** यह हाल है पूर्व प्रधान प्रवीण सिह राठौड़ के गांव ओरडी के जहा खस्ताहाल रास्तो से आमजन परेशान है। जालमपुरा पंचायत के ओरडी गांव के शांतिलाल जाट ने बताया कि पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह के निजी गांव ओरडी होने के बावजूद भी गांव के मुख्य सड़क मार्ग का यह हाल है, पूरे रास्ते मे खड्डे ओर कीचड़ हो रहा। यह गांव का मुख्य मार्ग होने के साथ-साथ चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से भी जुड़ा हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय सांसद-विधायक को भी अवगत करवाया इसके बावजूद पिछले कई सालों से गांव के लोगों को आवाजाही में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

कई बार लोग यहाँ गिरकर चोटिल ओर घायल हो चुके हैं लेकिन अभी भी इस सड़क मार्ग का कोई धणी धोरी नहीं है।

जनप्रतिनिधियों को बार बार करने पर सिर्फ बजट का हवाला देकर ग्रामीणों को बार-बार सांत्वना दे देते हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से जल्द इस गम्भीर समस्या से निजाज दिलाने की मांग की है।



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।